आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 07.06.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सर्वसम्मति से एनडीए संसदीय दल का नेता चुना गया।
- मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जिलाधिकारियों को राज्य की मलिन बस्तियों के चिन्हीकरण की रिपोर्ट तैयार कर एक सप्ताह में शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।
- रिजर्व बैंक ने रेपो दर को 6 दशमलव 5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। अगले वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर सात दशमलव दो प्रतिशत किया।
- उत्तरकाशी जिले के सहस्त्रताल ट्रैकिंग रूट पर हुए हादसे की मजिस्टीरियल जांच की जाएगी।

समर्थन

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन – एनडीए ने सर्वसम्मति से नरेंद्र मोदी को अपना नेता चुन लिया है। नई दिल्ली में एनडीए संसदीय दल की बैठक के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने श्री मोदी को एनडीए का नेता चुनने का प्रस्ताव रखा और एनडीए के सभी घटक दलों के नेताओं ने इसका समर्थन किया। राजनाथ सिंह ने श्री मोदी का नाम प्रस्तावित करते हुए कहा कि वह इस पद के लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति हैं। प्रस्ताव का समर्थन करते हुए केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह सिर्फ एनडीए संसदीय दल की बैठक में बैठे नेताओं की नहीं बल्कि इस देश के 140 करोड़ लोगों की इच्छा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह सुनिश्चित करने के लिए पूरे समर्पण के साथ काम किया है कि देश समृद्ध हो और महाशक्ति बने। टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में एनडीए सरकार ने पिछले दस वर्षों में महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने कहा कि देश ने उल्लेखनीय प्रगति और परिवर्तन देखा है। बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड अध्यक्ष नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति अपना समर्थन जताते हुए कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि हम सभी एक साथ आए हैं और अब सभी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मिलकर काम करेंगे।

प्रधानमंत्री संबोधन

इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एनडीए उन दलों का समूह नहीं है जो सत्ता के लिए एक साथ आए हैं, बल्कि यह राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध गठबंधन है। उन्होंने कहा कि एनडीए भारत के इतिहास में सबसे सफल गठबंधन है और हमारा लक्ष्य सभी निर्णयों में सर्वसम्मति बनाना होगा। श्री मोदी ने कहा कि आज देश की जनता ने एनडीए को 22 राज्यों में

सरकार बनाकर सेवा करने का अवसर दिया है। श्री मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार सुशासन, विकास, आम नागरिकों के जीवन में न्यूनतम हस्तक्षेप पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में एनडीए ने देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का काम किया है।

रिपोर्ट

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जिलाधिकारियों को राज्य की मलिन बस्तियों के चिन्हीकरण के बाद सूचीबद्ध रिपोर्ट तैयार एक सप्ताह में शासन को भेजने के निर्देश दिए हैं। श्रीमती रतूड़ी ने अधिकारियों को राज्य में मलिन बस्तियों के सुधार, विनियमितीकरण, पुनरूद्वार और पुनर्वास के लिए संवेदनशीलता और मानवीयता के साथ कार्ययोजना बनाने को कहा। सचिवालय में राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव ने शहरी विकास विभाग को सफाई कर्मियों के लिए पर्याप्त आवास और बीमा की व्यवस्था के लिए योजना बनाने के निर्देश भी दिए।

एनीमिया मुक्त भारत

एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत टिहरी जिले में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग के सहयोग से विशेष अभियान चलाकर स्कूलों और गावों में शिविर आयोजित कर रहा है। शिविर में हिमोग्लोबिन की जांच की जा रही है और एनीमिया का उपचार किया जा रहा है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि बड़े स्तर पर योजना बनाकर गर्भवती महिलाओं और बच्चों के आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले को अगले तीन सालों में एनीमिया मुक्त बनाने के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए गए हैं।

तिथि बढोतरी

कुमाऊं विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2024–25 की विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की तिथि को 14 जून तक के लिए बढ़ा दिया है। कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलसचिव दिनेश चंद्रा ने बताया कि 12वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थी उत्तराखंड शासन के समर्थ पोर्टल के माध्यम से 50 रुपये ऑनलाइन पंजीकरण शुल्क जमा कर पंजीकरण कर सकते हैं।

निर्देश

उत्तरकाशी जिले के सहस्त्रताल ट्रैकिंग रूट पर नौ पर्वतारोहियों की मौत की मजिस्ट्रीयल जांच की जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस संबंध मे आवश्यक निर्देश दिए हैं। मजिस्ट्रीयल जांच के लिए गढ़वाल मण्डल आयुक्त विनयशंकर पाण्डेय को नामित किया गया है। गौरतलब है कि छह जून को

सहस्त्रताल ट्रैकिंग पर गए 22 सदस्यीय दल के रास्ता भटक जाने से दल के नौ लोगों की मौत हो गई थी।

रिजर्व बैंक

रिजर्व बैंक ने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर साढे छह प्रतिशत पर ही रखने का फैसला किया है। शीर्ष बैंक ने लगातार आठवीं बार रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया। समिति ने आर्थिक वृद्धि को बढावा देने के साथ–साथ मुद्रास्फीति को लक्ष्य के भीतर रखने पर बल दिया। शीर्ष बैंक की मौद्रिक नीति समिति की तीन दिन की बैठक 5 जून को शुरू हुई थी। रिजर्व बैंक ने वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि दर अनुमान 7 प्रतिशत से बढाकर सात दशमलव दो प्रतिशत कर दिया है।

खाद्य सुरक्षा संवाद

खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन की ओर से विश्व खाद्य दिवस पर आज देहरादून में खाद्य सुरक्षा संवाद आयोजित किया गया। इसमें खाद्य कारोबारियों, मीडिया व विषय विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी ने कहा कि संतुलित व सुरक्षित आहार ही स्वस्थ रहने का आधार है और सबको संतुलित आहार उपलब्ध कराने के लिए विभाग पूरे प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा मार्गों व पर्यटन केन्द्रों पर विशेष अभियान चलाकर मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वालों पर नकेल कसी जा रही है। इस दौरान जांच में दोषी पाये जाने वालों के विरूद्व विभागीय कार्रवाई के साथ ही मुकदमे दर्ज किये जा चुके हैं। अपर आयुक्त ने कहा कि राज्य में खाद्य अपमिश्रण पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की कमी को जल्दी दूर कर लिया जायेगा। इसके लिए 25 खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के चयन के लिए लोक सेवा आयोग को अधियाचन भेजा गया है।

निर्देश

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खडूड़ी भूषण ने कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र में मानसून सीजन की तैयारियां दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पेयजल की समस्या के समाधान के लिए पेयजल विभाग को धरातल स्तर पर काम करने को कहा। उन्होंने कहा कि जहां भी ट्यूबवेल की मोटर खराब हो रही है उसे जल्द से जल्द सही किया जाए, ताकि जनता को पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़ा। उन्होंने लोकनिर्माण विभाग को कोटद्वार–चिल्लरखाल मुख्य मार्ग को जल्द बनाने को भी कहा।

बैठक हरिद्वार

हरिद्वार के जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने अधिकारियों को अपनी योजनाओं में समन्वित कृषि, रोजगारपरक और कलस्टर आधारित योजनाओं को प्राथमिकता देने को कहा है। विकास भवन सभागार में जिला योजना की बैठक लेते हुए श्री गर्ब्याल ने कहा कि अधिकारी आत्मनिर्भरता, आजीविका संवर्धन और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए समन्वित कृषि पर ध्यान दें। उन्होंने वर्तमान में जिले के लिए चल रही योजनाओं के लिए बजट का प्रस्ताव उपलबध कराने को कहा। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में घटते भू–जल स्तर पर चिन्ता व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि भगवानपुर और बहादराबाद के खनन प्रभावित क्षेत्रों में वर्षा जल संग्रहण और प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण तथा संवर्धन के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाए।

गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने नैनीताल स्थित राजभवन में गोल्फ क्लब नैनीताल द्वारा आयोजित 19वें ''गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट'' का शुभारभ किया। तीन दिन तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 121 गोल्फर हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि इस आयोजन से देश के विभिन्न भागों से नैनीताल आने वाले खिलाड़ी गोल्फ खेलने के साथ ही प्रदेश की नैसर्गिक सुंदरता का लुत्फ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि कहा कि गोल्फ टूर्नामेंट का आयोजन, नैनीताल सहित उत्तराखण्ड की राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पर्यटक स्थल के रूप में पहचान स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगा।

संक्षिप्त समाचार

चंपावत जिले के मैदानी क्षेत्र टनकपुर और बनबसा तथा पूर्णागिरी तहसील में गर्मी के चलते सभी आगनबाड़ी केंद्रों में 8 से 15 जून तक अवकाश रहेगा।

बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार दो लोगों की मृत्यु हो गई।

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने आज देहरादून स्थित गुनियाल गांव में सैन्यधाम निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्था को धाम के अंतिम चरण के कामों को तेजी के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।